NHRC, India Acting Chairperson, Smt Vijaya Bharathi Sayani, asled the senior officers and staff of the Commission in performing Yoga on the occasion of International Yoga Day. Earlier, she addressed them, saying that Yoga is a 'Sanatan' Indian tradition, which has a scientific basis for ensuring good health and happiness of individuals and society. Yoga should be practiced everyday not only for one's own good but also for the universal peace. The United Nation had decided to observe the International Yoga Day on June 21 every year. This day is also the longest day for the Sun's journey from east to west, which gives it its maximum energy for life on the Earth.

The significance of this day is not only to promote peace and harmony but also to improve the health and well-being of people all over the world. NHRC, India is committed to promoting the health and well-being of its people through yoga.

NHRC Probes Shocking Exploitation of Women in Bihar

https://www.devdiscourse.com/article/law-order/2991239-nhrc-probes-shocking-exploitation-of-women-in-bihar

The NHRC has issued notices to the Bihar government and its police chief following reports of over a hundred women being drugged and exploited by a private network company in Muzaffarpur. The commission seeks detailed reports on the criminal cases and actions taken, including relief measures and future prevention strategies.

The National Human Rights Commission (NHRC) has issued urgent notices to the Bihar government and the state's police chief in response to alarming reports of large-scale exploitation of women in Muzaffarpur district. Over one hundred women working in a private network company were reportedly drugged and forced into physical relations by the company's operator.

The NHRC took suo motu cognisance of media reports highlighting how these women were not only drugged but also beaten and coerced. The abuses allegedly extend across more than 10 districts in Bihar, including Muzaffarpur, Supaul, and East Champaran, among others.

The NHRC has demanded a detailed report from the state's chief secretary and the director general of police. The report should include the number of criminal cases filed, the status of investigations, and steps taken for victims' relief and rehabilitation. The Commission stressed the need for immediate action to prevent such human rights violations in the future.

NHRC Probes Village Panchayat's Shocking Settlement in Minor's Rape Case

https://www.devdiscourse.com/article/law-order/2991270-nhrc-probes-village-panchayats-shocking-settlement-in-minors-rape-case

The NHRC has issued notices to the Uttar Pradesh government and police chief over reports that a village panchayat advised the mother of a rape victim to accept Rs 5,000 from the accused and terminate her minor daughter's pregnancy. Threats were reportedly issued to the family by the miscreants.

The National Human Rights Commission (NHRC) has raised serious concerns, issuing notices to the Uttar Pradesh government and the state's police chief following alarming reports. A village panchayat allegedly advised the mother of a minor rape victim to accept Rs 5,000 from the accused and terminate her daughter's pregnancy.

According to media reports, the aggrieved family received threats from the miscreants if they did not comply with the panchayat's instructions. The NHRC emphasized that these actions, if substantiated, represent a grievous violation of human rights.

The NHRC has demanded a comprehensive report, including FIR status, actions against the accused, and the current health condition and compensation for the victim, within one week. The horrifying incident reportedly dates back to December 2023.

Sonbhadra News : फ्लोरोसिस विकलांगता पर एनएचआरसी ने डीएम को दिया कार्रवाई का आदेश

https://janpadnewslive.com/2024/06/14/42579/

म्योरपुर । आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने म्योरपुर ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में फ्लोराइड, मरकरी, आर्सेनिक व अत्यधिक आयरन युक्त प्रदूषित पानी पीने से विकलांगता और गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होकर अकाल मृत्यु होने के मामले में प्रशासनिक लापरवाही का मुद्दा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को प्रेषित पत्र के माध्यम से उठाया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए केस संख्या 11051/24/69/2024 दर्ज कर **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** के सेक्शन ऑफिसर पंकज कुमार केसान ने जिलाधिकारी सोनभद्र को 8 सप्ताह में उचित कार्रवाई करने और कृत कार्यवाही से शिकायतकर्ता को अवगत कराने का आदेश दिया है।

आइपीएफ के जिला संयोजक और शिकायतकर्ता कृपा शंकर पनिका ने एनएचआरसी को प्रेषित पत्र में संज्ञान में लाया गया था कि म्योरपुर ब्लॉक में हालत बहुत बुरी है। पेयजल संकट गंभीर है और लोग आज भी बरसाती नालों, कच्चे कुओं, चुआड और रिहंद बांध के पानी को पीने के लिए मजबूर है। आए दिन इससे लोगों की मौतें हो रही हैं और डडियरा, रासपहरी, कुसम्हा, आश्रम जैसे तमाम में फ्लोरोसिस के कारण लोग विकलांग हो रहे हैं। ऐसे ही एक मामले में आइपीएफ की टीम को डडियारा गांव के किए दौरें में एक ही परिवार के तीन सदस्य सगे भाई कपिल देव यादव 34 साल, किशुन देव यादव 31 साल पुत्र धर्मराज एवं उनकी मां मोहनी के फ्लोरोरिसिस के कारण विकलांग होने और इसी गांव की 13 वर्षीय बच्ची खुशबू पुत्री हुकुमचंद की आंखों की 80 फ़ीसद रोशनी जाने का मामला पता चला। जिस पर कार्रवाई की मांग की गई थी।

आइपीएफ जिला संयोजक कृपा शंकर पनिका ने बताया कि पूर्व में भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप पर प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट लगे और फ्लोरोसिस प्रभावित गांवों में हैंडपंपों के साथ वाटर फिल्टर प्लांट लगाए गए। लेकिन आज ज्यादातर आरओ प्लांट और फिल्टर प्लांट खराब पड़े हुए हैं। जिला प्रशासन, जल निगम और उत्तर प्रदेश शासन से बार-बार अनुरोध करने और प्रमुख अखबारों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद इनकी मरम्मत नहीं कराई गई। यहां तक कि आइपीएफ की शिकायत पर गई स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी है माना है कि फ्लोरोसिस रिमूवल के लिए हैंडपंपों में लगे हुए प्लांट खराब पड़े हुए हैं, जिसके कारण लोगों को प्रदूषित पानी पीना पड़ रहा है। कहा कि लोगों के विकलांग होने की जो हालत और अकाल मृत्यु की स्थिति पैदा हुई है यह जिला प्रशासन की प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है। आगे कहा कि यह क्षेत्र आदिवासी व वनाश्रित बाहुल्य है। ग्रामीण इलाकों में बहुतायत आबादी गरीब है। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं अपर्याप्त हैं और सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानक के अनुसार विशेषज्ञ डाक्टर व ईसीजी, एक्स रे, अल्ट्रासाउंड, प्रमुख पैथोलॉजी जांचें आदि का भी अभाव है। परिणामस्वरूप गंभीर रूप से बीमारी की स्थिति में तमाम लोगों की इलाज के अभाव में मौतें भी होती हैं। ऐसे में अब एनएचआरसी के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन को खराब पड़े आरओ प्लांट और फ्लोरोसिस रिमूवल प्लांट को तत्काल प्रभाव से ठीक कराना चाहिए, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करनी चाहिए और आम आदमी के जीवन की रक्षा करनी चाहिए।

Street vendor case: NHRC seeks action taken report

https://timesofindia.indiatimes.com/city/vadodara/nhrc-seeks-action-taken-report-on-street-vendor-case/articleshow/111151632.cms

Vadodara: The National Human Rights Commission (NHRC) has sought an action taken report from the city police regarding the incident in which cops had beaten up a street vendor in the railway station area of the city. The vendor subsequently died.

Mohammed Faizan Sheikh (26) was assaulted by three policemen who were asking roadside eateries to close down in Sayajigunj area on May 1. The policemen entered into an argument with Sheikh who sells egg dishes on a handcart. The confrontation led to a scuffle and Sheikh was allegedly beaten up.

When a crowd gathered at the site, the policemen allegedly tried to escape in their patrol vehicle. Sheikh stood in front of the vehicle to stop them, but the policemen allegedly dashed Sheikh with the vehicle. Sheikh sustained severe injuries and the cops were booked for attempt to murder. Sheikh was also accused of assault and interfering in a government servant’s duty. Sheikh remained admitted at a private hospital where he died on June 1.

The complaint was made to the NHRC by Faizan’s brother Mohammed Mumtaz Sheikh on May 24 before Faizan’s death. The city police had arrested all the three policemen soon after the incident. The accused were in judicial custody when Faizan died. After the death, provisions pertaining to murder were added to the case.

We also published the following articles recently

IIT Kharagpur student death: Faizan Ahmed's mother alleges planned murder, seeks justiceIIT Kharagpur student Faizan Ahmed's death is alleged to be a planned murder by his mother Rehana Ahmed, who claims the institution is covering up the crime with gunshot and stab wounds found on his body during a second post mortem.111029629

Bangladesh Prime Minister Sheikh Hasina to visit India for bilateral talksBangladesh Prime Minister Sheikh Hasina to visit India on June 21-22, 2024, for bilateral talks with Prime Minister Narendra Modi. The visit aims to strengthen ties between the two countries.111140299

Bangladesh PM Sheikh Hasina to pay two-day state visit to IndiaPM Sheikh Hasina to visit India on 21-22 June 2024 at PM Modi's invitation, marking the first bilateral State Visit post-18th Lok Sabha elections.111141775

UP: दुष्कर्म पीड़िता को 5 हजार देकर गर्भपात कराने के पंचायती फरमान पर एनएचआरसी सख्त, मांगी रिपोर्ट

https://www.amarujala.com/lucknow/up-nhrc-asks-report-on-panchayat-decision-on-rape-victim-2024-06-21

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंचायत ने नाबालिग की मां से कहा कि वह अपनी बेटी को प्रताड़ित करने वालों से पांच हजार रुपये लेकर उसका गर्भपात करा दे। पीड़ित परिवार को आदेश का पालन नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी।
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बागपत के सिंघावली अहीर क्षेत्र में यौन उत्पीड़न की शिकार एक नाबालिग लड़की को पांच हजार रुपये देकर गर्भपात कराने के पंचायत के फरमान को गंभीरता से लिया है। आयोग ने मीडिया में आई रिपोर्ट्स के आधार पर इस मामले की जांच के लिए मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस देकर एक सप्ताह में पूरे प्रकरण पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

आयोग के मुताबिक मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंचायत ने नाबालिग की मां से कहा कि वह अपनी बेटी को प्रताड़ित करने वालों से पांच हजार रुपये लेकर उसका गर्भपात करा दे। पीड़ित परिवार को आदेश का पालन नहीं करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। आयोग ने पाया कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सच है, तो यह पीड़ित के मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। यह वास्तव में दर्दनाक है कि ग्राम पंचायत ने नाबालिग लड़की की रक्षा करने के बजाय समाज के एक साधन संपन्न वर्ग के बदमाशों के साथ मिलकर एक गैरकानूनी कृत्य किया।

आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी से रिपोर्ट में एफआईआर की स्थिति और दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के साथ-साथ पीड़िता के स्वास्थ्य की स्थिति और उसे दिए गए मुआवजे के बारे में भी जानकारी मांगी है। बता दें कि पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसके गांव का एक व्यक्ति ने दिसंबर, 2023 में जबरदस्ती घर में घुसकर उसके साथ बलात्कार किया था।

शिकायत करने पर उसकी मां, भाई और बहन को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद पीड़िता के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिससे वह गर्भवती हो गयी। जब पीड़ित परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, तो उन्हें रोक दिया गया और पंचायत में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया।

आयुष्मान के तहत गलत घुटने की हुई सर्जरी, मुख्य सचिव व डीजीपी को नोटिस

https://lalluram.com/wrong-knee-surgery-done-under-ayushman-notice-to-chief-secretary-and-dgp/#goog_rewarded

चंडीगढ़. **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने हरियाणा के पानीपत स्थित एक अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के जरीये मरीज के दाहिने घुटने की जगह उसके बाएं घुटने की गलत सर्जरी करने की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है.

बताया जा रहा है कि जब मरीज के परिजनों ने इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने तुरंत दूसरे घुटने की सर्जरी कर दी, लेकिन मरीज चलने में असमर्थ है. अस्पताल ने मरीज से 8,000 रुपए वसूले और उसका आयुष्मान कार्ड भी छीन लिया. आयोग ने पाया है कि यदि रिपोर्ट की सामग्री सही है तो यह चिकित्सकीय लापरवाही के गंभीर मुद्दे को जन्म देती है, जिससे पीड़ित के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकारों का उल्लंघन होता है.

तदनुसार, आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. इसमें दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई और मरीज को दिए गए मुआवजे (यदि कोई हो) का विवरण शामिल होना चाहिए. नोटिस जारी करते हुए आयोग ने कहा है कि रिपोर्ट के अनुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) का लाभार्थी होने के बावजूद अस्पताल ने मरीज से पैसे वसूले. इसलिए, जो अधिकारी ऐसे निजी अस्पतालों की निगरानी और निगरानी करने के अपने कर्तव्य को निभाने में विफल रहे हैं, वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, जहां मरीजों का शोषण किया जा रहा है और उनके साथ क्रूरता के साथ- साथ अमानवीय तरीके से व्यवहार किया जा रहा है.

रिपोर्ट के अनुसार, – पीड़ित ने वर्ष 2006 में एक दुर्घटना में अपने परिवार को खो दिया था और तब से वह मजदूरी करके अपनी आजीविका चला रहा है. अपने घर की सफाई करते समय गिरने से उसके दाहिने घुटने में चोट लग गई थी.

बलात्कार मामले में पंचायत के आदेश को लेकर उप्र सरकार, डीजीपी को एनएचआरसी का नोटिस

https://hindi.theprint.in/india/%E0%A4%AC%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%95%E0%A4%BE%E0%A4%B0-%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%AE%E0%A4%B2%E0%A5%87-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%AA%E0%A4%82%E0%A4%9A%E0%A4%BE%E0%A4%AF/700030/

नयी दिल्ली, 21 जून (भाषा) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उन खबरों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी किया है, जिनमें कहा गया है कि एक ग्राम पंचायत ने बलात्कार पीड़िता की मां से कहा है कि वह आरोपी से पांच हजार रुपये ले और अपनी नाबालिग बेटी का गर्भपात कराए।

आयोग ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि पंचायत के आदेश का पालन न करने की सूरत में कथित तौर पर आरोपी के इशारे पर पीड़ित परिवार को धमकी भी दी गई।

एनएचआरसी ने कहा कि उसने 19 जून को मीडिया में आई खबर का स्वतः संज्ञान लिया है, जिसमें कहा गया है कि बागपत जिले में एक ग्राम पंचायत ने यौन उत्पीड़न की शिकार नाबालिग लड़की की मां से कहा है कि वह आरोपी से 5,000 रुपये लेकर बेटी का गर्भपात कराए।

आयोग ने कहा है कि यदि खबर सही है तो यह पीड़ित के मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन है।

बयान में कहा गया कि खबरों के अनुसार पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत की थी कि उसी गांव का एक व्यक्ति दिसंबर 2023 में कथित तौर पर जबरदस्ती उनके घर में घुस आया और लड़की से बलात्कार किया।

मानवाधिकार आयोग तक पहुंचा दाहिने की बजाय बाएं घुटने के ऑपरेशन का मामला, हरियाणा सरकार व राज्य पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी - Panipat Hospital negligence

https://www.etvbharat.com/hi/!state/human-rights-commission-action-on-panipat-hospital-negligence-hrs24062103893

Panipat Hospital Negligence: पानीपत में ऑस्कर अस्पताल की बड़ी लापरवाही में अब मानवाधिकार ने कड़ा संज्ञान लिया है. मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश सरकार तथा राज्य पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

पानीपत: हरियाणा के पानीपत में निजी अस्पताल द्वारा बरती गई बड़ी लापरवाही का मामला मानव अधिकार आयोग तक पहुंच गया है. आयोग ने कहा कि यदि खबर में सच्चाई है, तो इससे चिकित्सा लापरवाही के कारण पीड़ित के जीवन और स्वास्थ्य के अधिकारों की उल्लंघना जैसे गंभीर मुद्दे उठते हैं. आयोग ने हरियाणा के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को मामले संबंधी नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब करने को कहा है.

'अधिकारी जवाबदेही से नहीं बच सकते': नोटिस में बताने को कहा गया है कि अपराधियों के प्रति क्या कार्रवाई की गई और मरीज को मुआवजा दिया गया है या नहीं. NHRC ने कहा कि ऐसे निजी अस्पतालों जहां मरीजों का शोषण किया जाता है, या मरीजों के साथ क्रूर व्यवहार और अमानवीय व्यवहार किया जाता है, उन पर नजर रखने के अपने दायित्व को निभाने में विफल रहने वाले अधिकारी जवाबदेही से बच नहीं सकते.

'अधिकारियों पर लिया जाएगा कड़ा एक्शन': हरियाणा के पानीपत के एक अस्पताल में मरीज के दाहिने घुटने की बजाय कथित तौर पर बायें घुटने का ऑपरेशन किए जाने की खबरों पर **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने प्रदेश सरकार और राज्य पुलिस प्रमुख को नोटिस जारी किया है. आयोग ने कहा कि खबरों के मुताबिक, अस्पताल ने आयुष्मान-भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभार्थी होने के बावजूद भी मरीज से शुल्क वसूला. आयोग ने इस खबर का संज्ञान लिया कि पानीपत में एक अस्पताल में मरीज के चोटिल दाहिने घुटने की बजाय उसके बाएं घुटने का कथित रूप से ऑपरेशन कर दिया.

पीड़ित ने बयां कि दर्द: वहीं, पीड़ित रणवीर ने बताया कि वह पानीपत में गांव वैसर का रहने वाला है. वह राजमिस्त्री का कार्य करता था. वह घर में काम करते समय गिर गया था. जिससे उसके दाहिने घुटने में गंभीर चोट लग गई थी. जिसकी वजह से उसे चलने-फिरने में भी परेशानी आती थी. कई डॉक्टरों से घुटने की जांच करवाई थी. उन्होंने घुटने के ऑपरेशन की बात कही थी. इसी दौरान उसका एक जानकार मनोज निवासी गांव शेरा, जोकि एंबुलेंस चालक है. वह उससे मिला. जिसने उसे कहा कि उसकी ऑस्कर अस्पताल में काफी अच्छी जान-पहचान है. वह उसे 13 मई 2024 को अस्पताल लेकर चला गया.

अस्पताल प्रशासन ने मानी अपनी गलती: डॉक्टर हर्ष व विवेक पांडे ने रणवीर की जांच की और दाएं पैर के घुटने के ऑपरेशन के लिए कहा. 13 मई को उसे वहीं पर भर्ती कर लिया गया. 14 मई की रात को उसका ऑपरेशन किया गया. जब उसे होश आया तो उसने देखा कि उसका दाहिना पैर तो ऐसे ही था. जबकि बाएं पैर के घुटने का ऑपरेशन कर दिया. ये देख कर उसके परिजन भी दंग रह गए. जिसके बाद

डॉक्टर को ऑपरेशन गलत होने की बात बताई. जिस पर खुद डॉक्टर हैरान रह गए और मौके पर उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली.

'अस्पताल प्रशासन ने खर्च उठाने का दिया था आश्वासन': साथ ही डॉक्टर ने कहा कि वे दाहिने घुटने का भी ऑपरेशन कर देंगे. परिजनों ने पूछा कि अब इसका खर्च कौन उठाएगा. तो डॉक्टर ने कहा कि वे खर्च कि चिंता न करें. जो भी खर्च होगा, वे खुद से भर देंगे. साथ ही कहा कि अगर वह ठीक नहीं हुआ तो उसे घर बैठे पूरा खर्च दिया जाएगा. इसके तुरंत 1 घंटे बाद उसके दाएं पैर का भी ऑपरेशन कर दिया. इसके बाद 5 मई को उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी. अब वह न तो चल पाता है और न कोई काम कर पाता है.

'पीड़ित का परिवार हादसे में हो चुका है खत्म': पीड़ित रणबीर ने बताया कि 23 जनवरी 2006 में एक हादसे में उसका पूरा परिवार खत्म हो गया था. अस्पताल ने जब आश्वासन दिया तो वह अस्पताल से चला गया था. जिसके बाद अस्पताल से कोई नहीं आया और न ही उसकी दवा का खर्च तो भूखे रहने की नौबत आ गई. जिसके चलते उसने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है. हालांकि मामला दबाने की नीयत से अस्पताल प्रशासन की ओर से कहा गया था कि उसका पूरा खर्च वही उठाएंगे. जब वह उसके घर पर देख-रेख करने तक नहीं पहुंचे इसके बाद पीड़ित ने अपनी शिकायत दी है.

मानवाधिकार आयोग ने बिहार पुलिस पर खड़े किए सवाल, कहा- मुजफ्फरपुर यौन शोषण मामले में नहीं की कार्रवाई, मामले में मुख्य सचिव और डीजीपी से मांगा जवाब

https://news4nation.com/news/human-rights-commission-raised-questions-on-bihar-police-said-no-action-was-taken-in-muzaffarpur-sexual-abuse-case-791802

MUZAFFARPUR : मुजफ्फरपुर के नेटवर्किंग कंपनी डीबीआर में युवतियों के साथ हुए यौन शोषण के मामले बिहार पुलिस और सरकार घिरती हुई नजर आ रही है। मामले में जिस तरह की खबर मीडिया में सामने आई है, उसके बाद अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने इस पूरे मामले में स्वत: संज्ञान लिया है। शुक्रवार को बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी से एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।

पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप

मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद आयोग ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि नेटवर्क कंपनी में काम करने वाली कई महिलाओं को कंपनी के संचालक ने नशीली गोलियां खिलाई, उन्हें पीटा गया तथा शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। ऐसी पीड़ित लड़कियों की संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। कंपनी के खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन पुलिस ने इन मामलों में कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है।

अगर समाचार रिपोर्ट सही है तो...'

आयोग ने पाया है कि समाचार रिपोर्ट यदि सही है तो मानव अधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा है। इसे देखते हुए मुख्य सचिव एवं डीजीपी एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। इसमें रिपोर्ट में उल्लिखित संचालक और नेटवर्किंग कंपनी के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की संख्या, उनकी जांच की स्थिति तथा अपराधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई शामिल हो।

इसके साथ ही आयोग ने पीड़ित लड़कियों को प्रदान की गई राहत और पुनर्वास के साथ-साथ उपचार तथा परामर्श सेवाओं के साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उठाए गए उपायों के बारे में भी रिपोर्ट देने को कहा है।
यह है पूरा मामला
सारण की एक युवती ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। इसमें कहा गया था कि पहले अच्छी सैलरी देने के नामपर कंपनी में ज्वाइन कराया गया। इसके बाद झूठी शादी कर शारीरिक संबंध बनाए। इसका वीडियो बनाकर लगातार यौन शोषण किया गया।
पीड़िता ने यह भी बताया था कि टारगेट पूरा नहीं करने पर उसके साथ मारपीट की गई। युवती ने आरोप लगाया कि ऐसा बड़ी संख्या में काम करने वाली लड़कियों के साथ किया गया। अहियापुर थाना द्वारा मामले की प्राथमिकी के बाद कार्रवाई नहीं करने पर यह परिवाद दायर किया गया था। कोर्ट के आदेश पर पुलिस सक्रिय हुई।

पुलिस की अबतक की गई कार्रवाई

कंपनी के निदेशक वर्तमान में यूपी के नोएडा में सेक्टर-दो के सी 68 में रह रहे मूलरूप से गोपालगंज जिला के करारिया थाना के करारिया गांव मनीष कुमार समेत नौ लोगों को आरोपित किया। इसमें पूर्वी चंपारण जिला के रामगढ़वा थाना के बेला गांव एनामुल अंसारी, सिवान जिला के मैरवा थाना के कोडरा गांव के तिलक कुमार सिंह, पूर्णिया जिला के बाड़ा रहुआ गांव के अहमद रजा, वैशाली जिला के हाजीपुर सदर थाना के दिग्घी के विजय कुशवाहा, सिवान जिला के सियाडी के सियरी गांव के कन्हैया कुशवाहा, मैरवा थाना के मैदनियां गांव के हृदयानंद सिंह, गोपालगंज जिला के फुलवरिया गांव के लौध गांव के हरेराम कुमार राम व सुपौल जिला के लौध गांव का मो.इरफान शामिल हैं।

इनमें से तिलक कुमार सिंह को गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया। वहीं जांच में एक और नाम सामने आने के बाद अजय कुमार को बलिया से पकड़ा गया। पुलिस एसआइटी गठित कर विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। निदेशक मनीष कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

बता दें कि कंपनी ने अपनी शाखाएं बिहार, उत्तर प्रदेश तथा नेपाल में कई जगहों पर खोल रखी हैं। बिहार के मुजफ्फरपुर, सुपौल, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज समेत 10 से ज्यादा जिलों में लड़कियों का शारीरिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है।

मुजफ्फरपुर किडनी कांड: NHRC ने कहा - प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हो सुनीता की किडनी का प्रत्यारोपण

https://www.livehindustan.com/bihar/muzaffarpur/story-muzaffarpur-kidney-scandal-nhrc-order-sunitas-kidney-should-be-transplanted-on-priority-basis-10275994.html

राष्ट्री य मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता के किडनी के शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। कांड का आरोपी जेल में है।

मुजफ्फरपुर के चर्चित किडनी कांड मामले में राष्ट्री य मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को निर्देश जारी किया है। अपने निर्देश में आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता के किडनी के शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग द्वारा जारी किया गया है।

मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का मामला है, इस मामले में बिना विलम्ब किये हुए

बिहार सरकार को राष्ट्री य मानवाधिकार आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए पीड़ित महिला के किडनी प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए, जिससे पीड़ित महिला की जान बच सके। मुजफ्फरपुर के चर्चित सुनीता किडनी कांड के दोषी नर्सिंग होम संचालक डॉ. पवन कुमार को विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने बुधवार को सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने दोषी डॉ. पवन पर 18 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। एसकेएमसीएच में भर्ती पीडिता सुनीता ने कहा कि दोषी को और कड़ी सजा मिलनी चाहिए थी। सुनीता ने मामले में फरार अन्य आरोपित डॉक्टर आरके सिंह को फांसी की सजा देने की मांग की। सकरा स्थित शुभकांत नर्सिंग होम में तीन सितम्बर 2022 को सुनीता के गर्भाशय के ऑपरेशन के दौरान उसकी दोनों किडनी निकाल ली गई थी। सुनीता की मां तेतरी देवी के आवेदन पर 9 सितंबर 2022 को एफआईआर दर्ज हुई तब से सुनीता डायलासिस पर जिंदा है। नर्सिंग होम संचालक सकरा के बरियारपुर निवासी डॉ.पवन को एससी/एसटी कोर्ट के जज ने बीते 7 जून को दोषी करार दिया था।

मुजफ्फरपुर की कंपनी में महिला कर्मचारियों के 'यौन उत्पीड़न' को लेकर बिहार सरकार को नोटिस

https://hindi.theprint.in/india/%E0%A4%AE%E0%A5%81%E0%A4%9C%E0%A4%AB%E0%A5%8D%E0%A4%AB%E0%A4%B0%E0%A4%AA%E0%A5%81%E0%A4%B0-%E0%A4%95%E0%A5%80-%E0%A4%95%E0%A4%82%E0%A4%AA%E0%A4%A8%E0%A5%80-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%AE/700041/

नयी दिल्ली, 21 जून (भाषा) **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** (एनएचआरसी) ने बिहार सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को उस खबर को लेकर नोटिस भेजा है जिसमें कहा गया है कि मुजफ्फरपुर जिले में एक निजी नेटवर्क कंपनी में काम करने वाली कई महिलाओं को कंपनी के संचालक ने नशीली गोलियां दीं और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

आयोग ने एक बयान में कहा कि पीड़ित लड़कियों की संख्या कथित तौर पर सौ से अधिक बताई गई है

इसने कहा कि उसने 'मीडिया में आई एक खबर का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक निजी नेटवर्क कंपनी में काम करने वाली कई महिलाओं को कंपनी के संचालक ने नशीली गोलियां दीं, पिटाई की और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।"

बयान में कहा गया कि कंपनी के खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों में कथित तौर पर बड़ी संख्या में 'आपराधिक मामले' दर्ज हैं, लेकिन पुलिस ने इस मामले में 'कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है।"

इसमें कहा गया कि कंपनी की बिहार, उत्तर प्रदेश और नेपाल में कई जगहों पर शाखाएं हैं।

आयोग ने कहा, "18 जून को मीडिया में आई खबर के अनुसार, मुजफ्फरपुर, सुपौल, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज समेत बिहार के 10 से अधिक जिलों में लड़कियों का शारीरिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है।"

मुजफ्फरपुर की कंपनी में महिला कर्मचारियों के 'यौन उत्पीड़न' को लेकर बिहार सरकार को नोटिस

https://hindi.theprint.in/india/%E0%A4%AE%E0%A5%81%E0%A4%9C%E0%A4%AB%E0%A5%8D%E0%A4%AB%E0%A4%B0%E0%A4%AA%E0%A5%81%E0%A4%B0-%E0%A4%95%E0%A5%80-%E0%A4%95%E0%A4%82%E0%A4%AA%E0%A4%A8%E0%A5%80-%E0%A4%AE%E0%A5%87%E0%A4%82-%E0%A4%AE/700041/

नयी दिल्ली, 21 जून (भाषा) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार सरकार और राज्य के पुलिस प्रमुख को उस खबर को लेकर नोटिस भेजा है जिसमें कहा गया है कि मुजफ्फरपुर जिले में एक निजी नेटवर्क कंपनी में काम करने वाली कई महिलाओं को कंपनी के संचालक ने नशीली गोलियां दीं और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।

आयोग ने एक बयान में कहा कि पीड़ित लड़कियों की संख्या कथित तौर पर सौ से अधिक बताई गई है

इसने कहा कि उसने 'मीडिया में आई एक खबर का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक निजी नेटवर्क कंपनी में काम करने वाली कई महिलाओं को कंपनी के संचालक ने नशीली गोलियां दीं, पिटाई की और शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर किया।"

बयान में कहा गया कि कंपनी के खिलाफ बिहार के विभिन्न जिलों में कथित तौर पर बड़ी संख्या में 'आपराधिक मामले' दर्ज हैं, लेकिन पुलिस ने इस मामले में 'कोई सख्त कार्रवाई नहीं की है।"

इसमें कहा गया कि कंपनी की बिहार, उत्तर प्रदेश और नेपाल में कई जगहों पर शाखाएं हैं।

आयोग ने कहा, "18 जून को मीडिया में आई खबर के अनुसार, मुजफ्फरपुर, सुपौल, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सारण, सीवान, गोपालगंज समेत बिहार के 10 से अधिक जिलों में लड़कियों का शारीरिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है।"

भाषा जोहेब नेत्रपाल

मुजफ्फरपुर में लड़कियों के साथ यौन शोषण मामला: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, बिहार सरकार से मांगी रिपोर्ट

https://firstbihar.com/news/muzaffarpur-me-ladkiyon-ke-sath-shoshan-mamle-me-979938#google_vignette

MUZAFFARPUR: मुजफ्फरपुर में नौकरी का झांसा देकर लड़कियों के साथ यौन शोषण करने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार ने मीडिया रिपोर्ट्स पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

दरअसल, सारण की रहने वाली एक युवती ने कोर्ट में परिवाद दायर कर अहियापुर स्थित डीबीआर नेटवर्किंग कपनी पर आरोप लगाया था कि पहले उसे अच्छी सैलरी देने का झांसा देकर कंपनी में ज्वाइन कराया गया और बाद में झूठी शादी कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया। युवती ने आरोप लगाया है कि ऐसे सिर्फ उसके साथ ही नहीं किया गया बल्कि कंपनी में काम करने वाली बड़ी संख्या में लड़कियों के साथ किया गया है।

मीडिया में खबर आने के बाद आयोग ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि नेटवर्किंग कंपनी में काम करने वाली महिलाओं ने संचालक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। संचालक ने नशीली गोलियां खिलाई, उन्हें पीटा तथा शारीरिक संबंध बनाने पर मजबूर किया। ऐसा 100 से अधिक लड़कियों के साथ किया गया। कंपनी के खिलाफ अलग-अलग जिलों में बड़ी संख्या में आपराधिक मामले दर्ज हैं लेकिन पुलिस ने इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं की है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने पाया कि रिपोर्ट्स अगर सही है तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। इसको देखते हुए आयोग ने मुख्य सचिव और डीजीपी से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। आयोग ने यह भी कहा है कि रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख होना चाहिए कि संचालक और कंपनी के खिलाफ कितने आपराधिक मामले दर्ज है और उनकी जांच की क्या स्थिति है और अपराधियों के खिलाफ क्या एक्शन लिया गया।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा – उच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हो पीड़िता के किडनी का प्रत्यारोपण

https://tirhutnow.com/muzaffarpur/national-human-rights-commission-said-kidney-transplant-of-the-victim-should-be-done-soon-on-high-priority-basis/

**एनएचआरसी** ने बिहार सरकार को दिया निर्देश!

_मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा की याचिका पर आयोग ने जारी किया निर्देश!_

मुजफ्फरपुर- जिले के चर्चित किडनी कांड मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को निर्देश जारी किया है। अपने निर्देश में आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता के किडनी के शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार के लिए पर्याप्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। यह निर्देश मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग द्वारा जारी किया गया है।

मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस. के. झा ने बताया कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का मामला है, इस मामले में बिना विलम्ब किये हुए बिहार सरकार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए पीड़ित महिला के किडनी प्रत्यारोपण के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए, जिससे पीड़ित महिला की जान बच सके।

विदित हो कि सुनीता किडनी कांड मामले में सुनवाई करते हुए मुजफ्फरपुर के विशेष न्यायालय द्वारा दोषी डॉक्टर को सात साल की कैद और 18,000 रूपये आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुख्य सचिव, डीजीपी से 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

https://www.bhaskar.com/local/bihar/muzaffarpur/news/national-human-rights-commission-sought-report-from-chief-secretary-dgp-in-7-days-133207451.html

चिटफंड कांड : सबूत के आधार पर होने वाली कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मांगी

यूपी, झारखंड और दिल्ली में दबिश चिटफंड कंपनी के मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार पुलिस ने दिल्ली, झारखंड, यूपी के नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज, बनारस, गोरखपुर, देवरिया के साथ ही हरियाणा में छापेमारी की। नेपाल के पोखरा, बुटवल, डॉग, काठमांडू में भी पुलिस जांच कर रही है। इसमें एसएसबी, नेपाल पुलिस और वहां के नागरिकों का सहयोग ले रही है। सीसीटीवी, मोबाइल फोन, होटल, गेस्ट हाउस की जांच पुलिस कर रही है। यौन शोषण के साथ ही देह व्यापार को भी आधार बना जांच कर रही है।

पटना | मुजफ्फरपुर में चिटफंड कंपनी में नौकरी का झांसा देकर लड़कियों के साथ यौन शोषण करने के मामले में **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने खुद संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव और डीजीपी को एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। आयोग ने यह भी कहा है कि रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र होना चाहिए कि संचालक और कंपनी के खिलाफ कितने आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी जांच की क्या स्थिति है और अपराधियों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जा रहा है। रिपोर्ट में चिह्नति लोगों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई की विस्तृत जानकारी मांगी गई है। गौरतलब है कि सारण के मशरख की रहने वाली एक युवती ने कोर्ट में परिवाद दायर कर डीबीआर नेटवर्किंग कंपनी के सीएमडी मनीष सिन्हा समेत अन्य पर यौन शोषण का आरोप लगा अहियापुर थाने में एफआईआर कराई थी।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सरकार से 7 दिनों में मांगी रिपोर्ट

https://www.bhaskar.com/local/bihar/purnia/news/national-human-rights-commission-asked-the-government-for-a-report-in-7-days-133207767.html

मुजफ्फरपुर नेटवर्क मार्केटिंग के मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बिहार पुलिस ने दिल्ली, झारखंड, यूपी के नोएडा, लखनऊ, प्रयागराज, बनारस, गोरखपुर, देवरिया के साथ ही हरियाणा में छापेमारी की। नेपाल के पोखरा, बुटवल, डॉग, काठमांडू में भी पुलिस टीम जांच कर रही है। इसमें एसएसबी, नेपाल पुलिस और वहां के नागरिकों का सहयोग ले रही है। मुखबिर की सूचनाओं के साथ ही महत्वपूर्ण जगहों के सीसीटीवी, मोबाइल फोन, होटल, गेस्ट हाउस की जांच पुलिस कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नेटवर्किंग से जुड़े आरोपियों के परिजन, रिश्तेदार व आसपास के लोगों से पूछताछ की। हालांकि, अधिकांश लोगों का जवाब था कि उन्हें दवा और दूसरे कारोबार की जानकारी थी, लेकिन लड़कियों के यौन शोषण के बारे में जानकारी नहीं। पुलिस लड़कियों के यौन शोषण के साथ ही देह व्यापार को भी आधार बनाकर जांच कर रही है। पुलिस को शक है कि नेटवर्किंग से जुड़े लोग कारोबार बढ़ाने के लिए लड़कियों का भी इस्तेमाल करते थे। पुलिस आरोपियों के ईमेल, सोशल मीडिया और संभावित बैंक खाते की भी मॉनिटरिंग कर रही है। जिससे आरोपियों के बारे में कोई जानकारी मिल सके।

नेटवर्किंग मामले में पुलिस एक दर्जन लोगों की तलाश कर रही है। मुख्य आरोपी तिलक कुमार सिंह को गोरखपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया है। वह सीवान के मैरवा के कोडरा गांव का निवासी है। जबकि डीबीआर कंपनी के निदेशक नोएडा निवासी मनीष कुमार सिंह, पूर्वी चंपारण के रामगढ़वा के बेला निवासी एनामुल अंसारी, पूर्णिया के रोहुआ के अहमद रजा, वैशाली के हाजीपुर के विजय कुशवाहा, सीवान के कन्हैया कुशवाहा, गोपालगंज के फुलवरिया निवासी हरेराम कुमार राम, सीवान के मैरवा थाना निवासी हृदयानंद सिंह, सुपौल के लौध के मो. इरफान समेत एक दर्जन लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

सुनीता को किडनी प्रत्यारोपण के लिए सरकार को मिले निर्देश

https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/nhrc-given-instructions-to-the-bihar-government

सुनीता की दोनों किडनी निकालने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को जरूरी निर्देश दिये हैं.

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर सुनीता की दोनों किडनी निकालने के मामले में **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने बिहार सरकार को जरूरी निर्देश दिये हैं. आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता की किडनी का शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने काे कहा है. यह निर्देश मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग द्वारा जारी किया गया है. मामले के संबंध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने बताया कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का है. इस मामले में बिना देर किये सरकार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए पीड़ित महिला की किडनी प्रत्यारोपण के लिए जरूरी कदम उठाना चाहिए. जिससे पीड़िता की जान बच सके. बता दें कि सुनीता किडनी कांड मामले में सुनवाई करते हुए मुजफ्फरपुर के विशेष न्यायालय द्वारा दोषी डॉक्टर को सात साल की कैद व 18,000 रुपये की आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है.

सुनीता को किडनी प्रत्यारोपण व उपचार के लिए पर्याप्त कदम उठाने के निर्देश

https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/muzaffarpur/instructions-to-sunita-to-take-adequate

-**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग** ने बिहार सरकार को दिये निर्देश मुजफ्फरपुर.सुनीता की दोनों किडनी निकालने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बिहार सरकार को जरूरी निर्देश दिये हैं. आयोग ने बिहार सरकार को उच्च प्राथमिकता के आधार पर पीड़िता की किडनी का शीघ्र प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपचार करने के लिए पर्याप्त कदम उठाने काे कहा है. यह निर्देश मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग द्वारा जारी किया गया है. मामले के संबंध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एसके झा ने बताया कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर श्रेणी का है. इस मामले में बिना देर किये सरकार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निर्देश का अनुपालन करते हुए पीड़ित महिला की किडनी प्रत्यारोपण के लिए जरूरी कदम उठाना चाहिए. जिससे पीड़िता की जान बच सके. बता दें कि सुनीता किडनी कांड मामले में सुनवाई करते हुए मुजफ्फरपुर के विशेष न्यायालय द्वारा दोषी डॉक्टर को सात साल की कैद व 18,000 रुपये की आर्थिक दंड की सजा सुनाई गई है.